आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 02.11.2025 समय : 1905

- हरिद्वार स्थित पतंजलि विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने वर्ष दो हजार सैंतालीस तक विकसित भारत के निर्माण में महिलाओं की समान भागीदारी को आवश्यक बताया।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल भारत मंडपम में उभरते विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी नवाचार सम्मेलन दो हजार पच्चीस का उद्घाटन करेंगे।
- प्रसार भारती ने शुरू किया आकाशवाणी संगीत सम्मेलन का सड़सठवां संस्करण। सी ई ओ गौरव द्विवेदी ने कहा कोविड–19 के अंतराल के बाद संगीत सम्मेलन की नई पारी शुरू होगी।
- अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में तेईस साल के बाद मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य शुरू हुआ।

<><><><><><><>

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज हरिद्वार में पतंजलि विश्वविद्यालय के दूसरे दीक्षांत समारोह में भाग लिया। राष्ट्रपति ने महर्षि पतंजलि के योग, व्याकरण और आयुर्वेद के योगदान का स्मरण करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय उनके ज्ञान और परंपरा को समाज के लिए सुलभ बना रहा है। राष्ट्रपति ने छात्रों से कहा कि पर्यावरण की रक्षा और प्राकृतिक जीवनशैली अपनाना भविष्य के लिए आवश्यक है। महिला शिक्षा के महत्व का उल्लेख करते हुए श्रीमती मुर्मु ने कहा कि शिक्षित बेटियां भारत का गौरव बढ़ाएंगी।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल सुबह साढ़े नौ बजे नई दिल्ली के भारत मंडपम में उभरते विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी नवाचार सम्मेलन दो हजार पच्चीस का उद्घाटन करेंगे और उपस्थित जनसमूह को संबोधित करेंगे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री एक लाख करोड़ रुपये की अनुसंधान, विकास और नवाचार योजना का शुभारंभ भी करेंगे, जिसका उद्देश्य देश में निजी क्षेत्र आधारित अनुसंधान और विकास के इकोसिस्टम को प्रोत्साहित करना है। यह सम्मेलन तीन से पांच नवंबर तक आयोजित होगा, जिसमें शिक्षा, अनुसंधान संस्थान, उद्योग और सरकार के तीन हजार से अधिक प्रतिभागी, साथ ही नोबेल पुरस्कार विजेता, प्रख्यात वैज्ञानिक और नीति निर्माता शामिल होंगे।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एशियाई यूथ गेम्स दो हजार पच्चीस में भारत के युवा खिलाड़ियों का इतिहास में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पर उन्हें बधाई दी। इस प्रतियोगिता में भारतीय खिलाड़ियों ने अब तक सबसे अधिक अड़तालीस पदक जीतकर देश का नाम रोशन किया है। प्रधानमंत्री ने X पर साझा किए गए संदेश में कहा कि हमारे युवा खिलाड़ियों ने एशियाई यूथगेम्स दो हजार पच्चीस में इतिहास रचा है। उनका जुनून, दृढ़ संकल्प और कड़ी मेहनत स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही है। उनके भविष्य के प्रयासों के लिए मेरी शुभकामनाएं।

<><><><><><><>

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ने आज श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से भारतीय नौसेना के अत्याधुनिक संचार उपग्रह जीसैट–7आर (CMS–03) का सफल प्रक्षेपण किया। लगभग 4,400 किलोग्राम वजनी यह उपग्रह अब तक का भारत का सबसे भारी संचार उपग्रह है। स्वदेशी रूप से विकसित यह उपग्रह भारतीय नौसेना की अंतरिक्ष आधारित संचार प्रणाली और समुद्री क्षेत्र जागरूकता क्षमताओं को सुदृढ़ करेगा। जीसैट–7आर में उन्नत ट्रांसपोंडर लगे हैं, जो विभिन्न संचार बैंडों पर आवाज, डेटा और वीडियो लिंक को सपोर्ट करेंगे। इसके माध्यम से नौसेना के जहाजों, पनडुब्बियों, विमानों और संचालन केंद्रों के बीच सुरक्षित व वास्तविक समय संचार सुनिश्चित होगा। यह मिशन भारत की आत्मनिर्भरता और तकनीकी क्षमता का प्रमाण है तथा राष्ट्र के समुद्री हितों की रक्षा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

<><><><><><><>

प्रसार भारती आज से संस्कृति मंत्रालय के सहयोग से आकाशवाणी संगीत सम्मेलन के सड़सठवें संस्करण का आयोजन कर रहा है। यह सम्मेलन उनतीस नवंबर तक चलेगा। सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने कहा है कि आकाशवाणी संगीत सम्मेलन की शुरूआत उन्नीस सौ चौवन में हुई थी और यह भारत की प्रख्यात सांस्कृतिक परंपरा का प्रतीक है। इसमें देशभर के श्रोताओं को हिन्दुस्तानी, कर्नाटक और लोक संगीत से रूबरू होने का मौका मिलेगा। प्रसार भारती के मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव द्विवेदी ने सम्मेलन की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि कोविड–19 महामारी के कारण कुछ अंतराल के बाद यह महोत्सव नए स्वरूप में लौट रहा है, जो भारतीय शास्त्रीय संगीत और लोक संगीत को समर्पित होगा।

<><><><><><><>

अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह के सांसद बिष्णु पद रे ने उपराज्यपाल को पत्र लिखकर द्वीप समूह में दुकानों, गुमटियों और बिना अनुमति चल रहे ठिकानों पर अवैध शराब बिक्री रोकने के लिए तुरंत कार्रवाई की मांग की है। सांसद ने पिछले दिनों रंगत में आगजनी से प्रभावित परिवार से मुलाकात के दौरान अवैध शराब व नशे की समस्या पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि यह समस्या रंगत ही नहीं, बल्कि डेरी फार्म, हैडो, अबरडीन, मायाबंदर, डिगलीपुर और लिटिल अंडमान सहित कई क्षेत्रों में फैली हुई है।

<><><><><><><>

अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह में मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण अट्ठाईस अक्टूबर से शुरू हो गया है। यह पुनरीक्षण चार नवम्बर से चार दिसम्बर तक किया जाएगा और प्रारूप मतदाता सूची नौ दिसम्बर को प्रकाशित होगी। दावे और आपत्तियां नौ दिसम्बर से आठ जनवरी दो हजार छब्बीस तक ली जाएंगी, जबकि सुनवाई और सत्यापन इक्कतीस जनवरी दो हजार छब्बीस तक होंगे। अंतिम मतदाता सूची सात फरवरी को प्रकाशित की जाएगी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने मतदाताओं से बूथ स्तर अधिकारियों को सहयोग देने की अपील की है। पिछला पुनरीक्षण वर्ष दो हजार दो में हुआ था।

<><><><><><><>

नरेन्द्र मोदी सरकार ने बाईस सितंबर को वस्तु और सेवाकर–जीएसटी दरों में कटौती के साथ जीएसटी बचत उत्सव की शुरुआत की थी। इससे पूरे देश के नागरिकों को लाभ हो रहा है। आज हम आपको बता रहे हैं कि नई पीढ़ी के जीएसटी सुधारों से आंध्र प्रदेश की अर्थव्यवस्था को कैसे बढ़ावा मिला है।

<><><><><><><>

पेंशन एवं पेंशनभोगी कल्याण विभाग, कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय एक से तीस नवम्बर तक राष्ट्रव्यापी डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र अभियान 4.0 आयोजित करेगा। अभियान का उद्देश्य दो हजार से अधिक शहरों और कस्बों में दो करोड़ पेंशनभोगियों तक डिजिटल पहुँच सुनिश्चित करना है। इसमें आधार–आधारित फेस ऑथेंटिकेशन तकनीक का उपयोग होगा, जिससे पेंशनभोगी स्मार्टफोन से घर बैठे DLC जमा कर सकेंगे। वरिष्ठ और दिव्यांग पेंशनभोगियों के लिए इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक की डोरस्टेप सेवा उपलब्ध होगी।

<><><><><><><>